जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

09 जुलाई, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति ने विकलांग बच्चों के लिए बाल मार्गदर्शन केंद्र में विशेष सेवा केंद्र का उद्घाटन किया।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो मोहम्मद शकील द्वारा दिनांक 09 जुलाई, 2024 को जामिया के बाल मार्गदर्शन केंद्र में एक विशेष सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया । डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी (जेडएचएमडब्ल्यूएस) के तत्वावधान विकलांग बच्चों के लिए में बाल मार्गदर्शन केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी की महासचिव प्रो सारा बेगम ने कुलपति, मुख्य अतिथि और जेडएचएमडब्ल्यू के अध्यक्ष का स्वागत किया और उन्हें बाल मार्गदर्शन केंद्र तथा केंद्र में उपलब्ध निम्नलिखित विशेष सेवाओं के बारे में जानकारी दी:

- विकलांगता की पहचान

- विकलांगता का आकलन

- उपचारात्मक कक्षाएं, फिजियोथेरेपी, व्यावसायिक चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक आकलन, परामर्श और योग जैसे विशिष्ट कोर्स।

कुलपति ने केंद्र की सभी इकाइयों का दौरा किया और केंद्र से जुड़े लोगों के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई को सुविधाजनक बनाने हेतु केंद्र के बुनियादी ढांचे तथा अन्य सुविधाओं में और सुधार के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के सहयोग का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य और एनजीओ के प्रतिनिधि शामिल हुए। महासचिव ने सभी प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया कि वे समाज की बेहतरी के लिए केंद्र और इसकी सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाएं।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया